सेवा में

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय
जिला– देहरादून,

विषय–तहसील कालसी के अन्तर्गत जनपद देहरादून में राज्य योजना वर्ष 2011–12 के अन्तर्गत विधान सभा विकासनगर में ग्राम हरिपूर से मुख्य मार्ग से जू0हा0ई0 की ओर मोटर मार्ग के नव निर्माण में भूमि वन विभाग में मार्ग निर्माण कार्य की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय जी,

आपसे विन्रम निवेदन करना है कि तहसील कालसी के अन्तर्गत ग्राम हरिपूर से मुख्य मार्ग से जू0हा0ई0 की ओर मार्ग निर्माण हेतु लो0नि0वि0 सहिया द्वारा सर्वे कार्य किया गया है। तथा प्रथम चरण निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। मोटर मार्ग निर्माण कार्य में 200 मी0 भूमि वन विभाग की भूमि आ रही है। जिससे वर्षा के समय पानी के गडडे भरे होने से सडक में आने जाने की परेशानी होती है, महोदय इस मार्ग मे 700 मी0 दूरी पर बालिका राजकीय इण्टर कालेज बना है। जिसमें सैकडों बच्चों का पढ़ाई हेतु आना जाना रहता है। वर्षा के समय कच्ची सडक पर पानी के तालब भरे रहते है, तथा उक्त मार्ग के अन्तर्गत ग्रामिणों के आवास व कृषि भूमि पड़ती है, ग्रामिणों को बाजार में अपनी नगदी फसल/ सब्जी मण्डी तक ले जानी पडती है। जिसमें वर्षा के समय ग्रामिणों व स्कूल बच्चों को आने जाने में बडी कठिनाइयॉ होती है।

अतः महोदय जी से जनहित में पुनः विन्रम निवेदन करना है, कि आप अपने स्तर से उपरोक्त मोटर मार्ग निर्माण में आने वाली वन विभाग की भूमि को लोक निर्माण विभाग के नाम हस्तान्तरण कराने की कृपा करें ताकि उक्त मार्ग निर्माण कार्य प्रगति से किया जा सके। इस पुनित कार्य हेतु आपकी महान कृपा होगी हम समस्त ग्रामवासी आपकें आभारी रहेगे।

दिनांक 26 / 05 / 2020

हस्ताक्षर ग्रामवासी

अतर सिंह
रतीराम
कीर सिंह किशन
प्रताप सिंह बी-चंद
ला/ मकराम
केदार सिंह सीयाराम
रमेश शान्ति
कपील

हस्ताक्षर
ग्राम प्रदान
मोहर सहित

प्रधान ग्राम पंचायत हरिपुर
वि0ख0–कालसी देहरादून

हस्ताक्षर
क्षेत्र पंचायत सदस्य
ब्लाक कालसी (देहरादून)